उदय प्रताप कालेज, वाराणसी

(स्वायत्तशासी संस्था)

दिनांक 18.11.2026

सूचना

समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि संस्थापन समारोह–2026 के अवसर पर वार्षिक खेल–कूद समारोह का उद्घाटन दिनांक 20.11.2026 को पूर्वाह्न 09.00 बजे क्रीड़ा मैदान पर होगा। खेल–कूद कार्यक्रम दिनांक 20.11.2026 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से प्रारम्भ होकर दिनांक 21.11.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक चलेगा। खेल–कूद का समापन समारोह दिनांक 21.11.2026 को अपराह्न 01.30 बजे से प्रारम्भ होगा। दिनांक 23 नवम्बर, 2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से परिसर की सभी संस्थाओं द्वारा सामूहिक रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन राजर्षि सभागार (एम0पी0हॉल) में किया गया है। मुख्य समारोह दिनांक 25.11.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से राजर्षि सभागार में आयोजित है। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के कारण दिनांक 20, 21 एवं 23 नवम्बर, 2026 को पठन–पाठन बन्द रहेगा। कार्यालय एवं पुस्तकालय यथावत खुले रहेंगे।

सभी छात्र/छात्राओं से अनुरोध है कि वे दिनांक 20 व 21 नवम्बर, 2026 को क्रीड़ा मैदान पर तथा दिनांक 23 नवम्बर, 2026 को राजर्षि सभागार (एम0पी0हॉल) में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन करेंगे तथा दिनांक 25.11.2026 को आयोजित मुख्य समारोह में भाग लेकर समारोह को सफल बनायें।

नोट : जिन विषयों की दिनांक 20, 21 व 23 नवम्बर, 2026 को प्रायोगिक परीक्षा की तिथि निर्धारित है, उन विषयों की परीक्षायें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही सम्पादित की जायेंगी। खेलकूद अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के कारण किसी विद्यार्थी की प्रायोगिक परीक्षा छूट जाती है तो प्रतियोगिता का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर उसकी प्रायोगिक परीक्षा बाद में अलग से करायी जायेगी।

प्राचार्य